कौटिल्य एकेडमी

www.kautilyaacademy.com IAS • IPS • MPPSC • CJ-II

CURRENT AFFAIRS

PRELIMS+MAINS QUICK REVISION

1. दो नए स्वास्थ्य विधेयक
2. अर्जेंटीना (राजधानी: ब्यूनस आयर्स)
3. म्हादेई वन्यजीव अभयारण्य
4. रियो ग्राडे नदी बैरियर

27th JULY 2023

दो नए स्वास्थ्य विधेयक

- हाल ही में, **राष्ट्रीय नर्सिंग और मिडवाइफरी आयोग (NNMC) विधेयक, 2023** तथा **राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग (NDC) विधेयक, 2023** को लोक सभा में प्रस्तुत किया गया है।
- **इनका उद्देश्य** क्रमशः पैरामेडिकल (नर्स और मिडवाइफ सहित) तथा दंत चिकित्सा क्षेत्रक में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में सुधार करना है।

MCI ACT VS NMC BILL

MCI | No power to **prescribe fees**

NMC | To **determine fees for up to 40% of seats** in private colleges/deemed universities

MCI | Colleges needed nod for **establishment/ renewal/recognition/ increase of intake for UG courses**

NMC | Permission required **only for establishment and recognition** in case of UG courses. No annual renewal needed. **Automatic increase** in seats allowed

MCI | **Separate permission for PG courses** after UG recognition

NMC | Colleges can start PG courses **on their own**

MCI | Penalty for not meeting requirements includes **no renewal nod and no admission**

NMC | **Monetary penalty** — up to 10 times the annual tuition fee

- ये विधेयक **राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) अधिनियम** की तर्ज पर लाए गए हैं। इस अधिनियम का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण और सस्ती चिकित्सा शिक्षा तक पहुंच में सुधार करना है।
- राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक, 2023 दंत चिकित्सक अधिनियम, 1948 को निरस्त करेगा।
- इसमें एक राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग (NMC) स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया है। यह आयोग देश में दंत चिकित्सा शिक्षा और पेशे को विनियमित करेगा।
- इसमें नेशनल एग्जिट टेस्ट की तर्ज पर दंत चिकित्सकों के लिए भी एक एग्जिट टेस्ट का प्रावधान किया गया है।
- **NNMC विधेयक, भारतीय नर्सिंग परिषद अधिनियम, 1947** को निरस्त करेगा।
- यह एक राष्ट्रीय नर्सिंग और मिडवाइफरी आयोग (NNMC) की स्थापना का प्रावधान करता है। यह आयोग नर्सिंग और मिडवाइफरी शिक्षा एवं प्रशिक्षण के प्रशासन के लिए नीतियां निर्मित करेगा। साथ ही, मानकों को विनियमित भी करेगा।
- यह नर्सिंग और मिडवाइफरी संस्थानों में प्रवेश के लिए एक समान तंत्र प्रदान करेगा।

➔ विधेयकों की आवश्यकता क्यों?

- स्वास्थ्य मंत्रालय के आँकड़ों से पता चलता है कि भारत के 40 प्रतिशत जिलों में नर्सिंग कॉलेज नहीं हैं।
- वर्तमान में, भारत में नर्स और जनसंख्या अनुपात केवल 2.06:1000 है, जबकि वैश्विक मानदंड 3:1000 है।
- भारतीय दंत चिकित्सा परिषद का पुनर्गठन और पुनरुद्धार करना जरूरी है।

WHAT THE BILL PROPOSES

On **July 22**, Union Health Minister Harsh Vardhan introduced the National Medical Commission (NMC) Bill in the Lok Sabha

The NMC is proposed to be **29-member** body, of which 20 would be nominated and the remaining 9 would be elected

The Bill proposes to introduce a new entrance exam called National Exit Test (NEXT) for **MBBS students**

As per the Bill, recognised **medical institutions** don't need the regulator's permission to add more seats or start PG course.

The Commission will replace the Medical Council of India (MCI), which has been sullied by corruption charges. The MCI regulations for **medical colleges** have also come under the scanner

अर्जेंटीना (राजधानी: ब्यूनस आयर्स)

- **भारत और अर्जेंटीना** विशेष रूप से जैव प्रौद्योगिकी और कृषि के क्षेत्र में युवा शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स के द्विपक्षीय आदान-प्रदान के लिए सहमत हुए हैं।
- भारत और लैटिन अमेरिकी राष्ट्र के बीच द्विपक्षीय व्यापार का **लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा** है।
- भारत अर्जेंटीना का **चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार** है।
- भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप्स पारिस्थितिकी तंत्र है और संस्थागत, विश्वविद्यालय स्तर और बहुपक्षीय मंचों जैसे विभिन्न स्तरों पर संयुक्त अध्ययन और सहयोग की अत्यधिक संभावना है।
- भारत और अर्जेंटीना के बीच तकनीकी और वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए **1985 में हस्ताक्षरित एक अंतर-सरकारी समझौता** है।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य वैज्ञानिक समुदायों के बीच संबंधों को सुदृढ़ और विस्तारित करना है, जिससे विभिन्न पक्षों द्वारा चयनित संयुक्त वैज्ञानिक और तकनीकी परियोजनाओं के ढांचे में भारतीय और अर्जेंटीना अनुसंधान समूहों के बीच परस्पर आदान- प्रदान संभव हो सके।
- अर्जेंटीना को भारत के निर्यात की प्रमुख वस्तुओं में पेट्रोलियम तेल, कृषि रसायन, यार्न-कपड़े से बने उत्पाद, कार्बनिक रसायन, थोक औषधियां और दोपहिया वाहन शामिल हैं।

➔ अर्जेंटीना से भारत के आयात की प्रमुख वस्तुओं में वनस्पति तेल (सोयाबीन और सूरजमुखी), तैयार चमड़ा, अनाज, अवशिष्ट (रेजिडुअल) रसायन और संबद्ध उत्पाद एवं दालें शामिल हैं।

➔ एक द्विपक्षीय व्यापार कक्ष, भारत-अर्जेंटीना व्यापार परिषद (आईएबीसी), को औपचारिक रूप से 14 अक्टूबर 2020 को शुरू किया गया था।

➔ **राजनीतिक सीमाएँ**

- ब्राजील के बाद दक्षिण अमेरिका का दूसरा सबसे बड़ा देश है।
- इसकी सीमाएं दक्षिण और पश्चिम में चिली से, उत्तर में बोलीविया व पैराग्वे से तथा पूर्व में ब्राजील, उरुग्वे और अटलांटिक महासागर से लगती हैं।

➔ **भौगोलिक विशेषताएं**

- **सबसे ऊंची चोटी** : माउंट एकांकागुआ या सेरो एकांकागुआ (पश्चिमी गोलार्ध की सबसे ऊंची चोटी)।
- **घास भूमि** : पम्पास।
- **प्रमुख नदियां** : पराना, उरुग्वे, कोलोराडो, पिलकोमायो आदि।

➔ अर्जेंटीना देश कई वर्षो तक स्पेन देश के अधीन रहा लेकिन अर्जेंटीना के लोगो को ये गुलामी पसंद नहीं थी उन्होंने अपनी स्वतंत्रता के लिए स्पेन के खिलाफ सन 1810 से आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी और परिणामस्वरूप **9 July 1816 अर्जेंटीना के स्वतंत्र होने की घोषणा** कर दी।

➔ **स्पैनिश साम्राज्य** द्वारा अर्जेंटीना क्षेत्र को अधीन करने के पीछे का महत्वपूर्ण कारण पेरू और बोलीविया में खोजी गई सोने और चांदी की खदानें थी। इसी धन को लूटने के लिए **स्पैनिश साम्राज्य ने 1776 में अर्जेंटीना को अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया था।**

➔ **अर्जेंटीना नाम औपचारिक रूप से 1860 में अपनाया गया था।** यह लैटिन भाषा का शब्द है जिसका हिंदी में अर्थ होता है "चाँदी" व 1862 में ब्यूनस आयर्स शहर को इस देश की राजधानी के रूप में स्वीकार किया गया था।

म्हादेई वन्यजीव अभयारण्य

➔ बॉम्बे उच्च न्यायालय ने हाल ही में गोवा राज्य सरकार को तीन महीने के भीतर म्हादेई वन्यजीव अभयारण्य और अन्य क्षेत्रों को वन्य जीवन (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत बाघ रिजर्व के रूप में अधिसूचित करने का निर्देश दिया और **"बाघ रिजर्व को अधिसूचित करने से लगातार बचने"** के लिए सरकार की खिंचाई की।

- यह सिफारिश म्हादेई वन्यजीव अभयारण्य में 2019 में चार बाघों, एक बाघिन और तीन किशोर शावकों की मौत के मद्देनजर की गई थी।
- **राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण** ने अतीत में कई मौकों पर, हाल ही में 2020 में, गोवा में म्हादेई वन्यजीव अभयारण्य में एक बाघ अभयारण्य स्थापित करने की सिफारिश की है।
- फरवरी 2020 की रिपोर्ट में, एनटीसीए ने कहा: "गोवा के संरक्षित क्षेत्र (म्हादेई और मोलेम) पश्चिमी घाट परिदृश्य परिसर का हिस्सा हैं, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी बाघ आबादी होने का अनूठा गौरव प्राप्त है। इस परिदृश्य में आरक्षित वनों के साथ-साथ कई परस्पर जुड़े बाघ अभयारण्य और संरक्षित क्षेत्र हैं।
- **गोवा में स्थित, म्हादेई वन्यजीव अभयारण्य** अपनी समृद्ध जैव विविधता और आश्चर्यजनक परिदृश्यों के लिए जाना जाता है। 208.5 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला यह अभयारण्य दक्षिण भारत के पश्चिमी घाट में एक अनमोल रत्न है।
- यह **उत्तरी गोवा जिले, सत्तारी तालुका में वालपोई शहर के पास स्थित है।** वनस्पतियों और जीवों की अपनी विविध श्रृंखला के साथ, इस अभयारण्य ने अपने पारिस्थितिक महत्व के लिए मान्यता प्राप्त की है।
- यह अभयारण्य पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र पश्चिमी घाट के भीतर स्थित है।

- **इसकी विशेषता पश्चिम में 200 मीटर से लेकर केंद्र में 560 मीटर तक की ऊंचाई** है, जिसमें राजसी वाघेरी पहाड़ियां शामिल हैं, जिसमें 560 मीटर की ऊंचाई पर वाघेरी चोटी भी शामिल है – जो उत्तरी गोवा का सबसे ऊंचा स्थान है।
- म्हादेई नदी, जिसे मंडोवी नदी के बहाव के रूप में भी जाना जाता है, इस अभयारण्य से होकर बहती है, जो गोवा की जीवन रेखा के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कर्नाटक से निकलकर, यह गोवा में 81.2 किलोमीटर की कुल यात्रा के बाद पणजी में अरब सागर से मिलने से पहले अभयारण्य के 9.4 किलोमीटर क्षेत्र से होकर गुजरती है।

रियो ग्राडे नदी बैरियर

- **अमेरिका-मेक्सिको सीमा** पर प्रवासियों को रोकने के लिए रियो ग्राडे नदी में टेक्सास द्वारा लगाए गए फ्लोटिंग बैरियर को लेकर टेक्सास के गर्वनर पर अमेरिका की सरकार द्वारा मुकदमा दायर किया है।
- इस रोक की घोषणा टेक्सास के रिपब्लिकन गवर्नर ग्रेग एबॉट ने जून में की थी।
- संघीय अधिकारियों का कहना है कि नदी में बैरियर संघीय कानून का उल्लंघन करती हैं। साथ ही इससे मानवीय चिंताएं भी सामने आई है। गवर्नर ने कहा कि वह इससे अदालत में निपटेंगे।
- संघीय अधिकारियों के बयान पर राज्य के अधिकारियों ने तर्क दिया है कि इससे सीमा को सुरक्षित करने में मदद मिलेगी। अप्रवासी अधिवक्ताओं ने कहा है कि यह अप्रवासियों के लिए अप्रभावी और संभावित रूप से खतरनाक हो सकता है।
- **रियो ग्राडे नदी बैरियर -**
  - 3,051 किलोमीटर तक फैली रियो ग्राडे नदी अमेरिका और मैक्सिको, मुख्य रूप से टेक्सास में, के बीच एक प्राकृतिक सीमा के रूप में कार्य करती है।
- अमेरिका में नदी पार करने का प्रयास करने वाले प्रवासियों की एक महत्वपूर्ण आमद के जवाब में, टेक्सास के अधिकारियों ने एक विवादास्पद पहल शुरू की – अवैध क्रॉसिंग को रोकने के लिए फ्लोटिंग बैरियर स्थापित करना।

➔ **गवर्नर एबॉट की आव्रजन नीति ऑपरेशन लोन स्टार में सन्निहित है**, जो टेक्सास और मैक्सिको के बीच दक्षिणी सीमा को सुरक्षित करने के उद्देश्य से एक संयुक्त अभियान है।

➔ इस ऑपरेशन में अवैध क्रॉसिंग को रोकने के लिए अतिरिक्त कंसर्टिना तार और अन्य कड़े उपायों के साथ नदी तटों की किलेबंदी देखी गई है।